सत्यमेव जयते
Web Copy Not Official

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी केकड़ी जिला अजमेर (राजस्थान)

राजस्व वाद पत्र संख्या 1890/2017

1. रामदेव पुत्र गणपत लाल तेली जाति तेली निवासी तेली मौहल्ला केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर
2. घीसालाल पुत्र गणपत लाल तेली निवासी तेली मौहल्ला केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर

**— प्रार्थीगण**

बनाम

1. शकुन्तला पत्नि गोपाल लाल माली जाति माली निवासी पटेल स्कूल के पास सापन्दा रोड़ केकडी तहसील केकड़ी जिला अजमेर
2. गोपाल पुत्र गोरधन तेली जाति तेली निवासी डोराई का रास्ता काजीपुरा केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर
3. सीता पुत्री गोरधन जाति तेली निवासी तेली मौहल्ला केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर।
4. गीता पुत्री गोरधन जाति तेली निवासी तेली मौहल्ला केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर।
5. शान्ति पुत्री गोरधन तेली जाति तेली निवासी तेली मौहल्ला केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर।
6. नंदू पत्नि छोटू तेली जाति तेली निवासी तेली मौहल्ला केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर।
7. सत्यनारायण पुत्र छोटू जाति तेली निवासी तेली मौहल्ला केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर।
8. अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर
9. अध्यक्ष नगर पलिका केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर
10. लोकेश पुत्र ओमप्रकाश तेली जाति तेली निवासी अजमेरी गेट की गली तेली मौहल्ला केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अहजमेर
11. जितेन्द्र सिंह पुत्र गणपतसिंह बड़वा जाति बड़वा निवासी पंकज स्टूडियो के पास अजमेरी गेट की गली तेली मौहल्ला केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर
12. भागचंद पुत्र गोपाल तेली जाति तेली निवासी आशा बर्तन भण्डार के सामने जयपुर रोड़ केकड़ी जिला अजमेर
13. घनश्याम पुत्र गोपाल नाई जाति नाई निवासी लक्ष्मी पैलेस के पीछे वाले गेट के पास सरसड़ी गेट के पास बड़ागुवाडा केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर
14. भंवरलाल पुत्र रामदेव तेली जाति तेली निवासी आशा बर्तन भण्डार के सामने जयपुर रोड़ केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर
15. गेपाल पुत्र रामदेव जाति तेली निवासी आशा बर्तन भण्डार के सामने जयपुर रोड़ केकड़ी जिला अजमेर।
16. भोजराज पुत्र टोपनदास धनजानी जाति सिन्धी निवासी पुलिस थाने के पीछे अस्पताल मार्ग अस्थल मौहल्ला केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर
17. तहसीलदार केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर

अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 136,131राज0 भू रा0अ0 1956

उपस्थितः— श्री विष्णु कुमार साहू वकील— वादी
तहसीलदार केकड़ी — पैरोकार सरकार

## निर्णय

दिनांक 12.02.2020

संक्षेप मे प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि रामदेव,घीसालाल पि0गणपत तेली निवासी केकड़ी द्वारा राजस्व नक्शा दुरूस्ती बाबत पेश किया है कि कस्बा

केकड़ी की जमाबंदी संवत् 2069–72 के खाता संख्या 1748 के खसरा नंबर 217,218,219 जिनका नक्शा साबिक नक्शे के मुकाबले छोटा व आकृति बदल दी गई है। एवं हाल खसरा नंबर (219 ⁄ 8480) ⁄ 0.03खेत की डोल (पाल) थी जिसे हाल नक्शे मे आकृति ही बदल दी गई है। साबिक नक्शे मे दक्षिणी भुजा 120 मीटर लंबी है जबकि हाल नक्शे मे 112 मीटर है जो पश्चिम स्थित खसरा नंबर 222 मे चार मीटर व पूर्व दिशा के खसरा नंबर 210 की और 4 मीटर बढ़ती है। तथा दक्षिणी भुजा खसरा नंबर 219 मे दक्षिण मे पड़ौसी कोने मे 7 मीटर बढ़ती है। तथा प्रार्थी की पश्चिमी भुजा साबिक नक्शा अनुसार हाल खसरा नंबर 222 व 227 मे 4–4 मीटर बढ़ती है। कस्बा केकड़ी के हाल खसरा नंबर 219 ⁄ 8480 हाल नक्शा अनुसार खसरा नंबर 211 के नीचे जो दक्षिण की और स्थित है पूर्व दिशा मे बढ़ी हुई है, जो प्रार्थी खातेदार के नहीं है। यह मौके पर काबिज नहीं है तथा न ही साबिक नक्शें मे है। एवं खसरा नंबर 217 के उत्तरी पश्चिमी कोने मे मौके पर पड़ौसी खातेदार भोजराज पुत्र टोपनदास सिन्धी के दबाव मे है। प्रकरण श्रवणाधिकार व क्षैत्राधिकार का होने से दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण की तलबी की गई। अप्रार्थी संख्या 02 से 05 तथा 06 से 07 की और से जवाब पेश किया। अप्रार्थीगण ने अपने जवाब मे बताया कि उन्हे नक्शा दुरूस्ती किये जाने मे आपत्ति नहीं है।अप्रार्थी संख्या 2 से 7 एवं 10 से 15 को जरिये रजिस्टर्डए0डी नोटिस भेजकर तलब किया गया किन्तु अप्रार्थीगण उपस्थित नहीं हुए है। दिनांक 30.01.2019 को प्रतिवादीगण की और कोई हाजिर नहीं हुआ अतः उनके खिलाफ एक्सपार्टी की जाकर जवाब बंद किया गया। प्रकरण पर तहसीलदार केकड़ी से रिपोर्ट प्राप्त की गई। तहसीलदार केकड़ी ने अपनी जॉच रिपोर्ट मे भी प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को उचित बताया है।

पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेज का अवलोकन किया गया। वकील प्रार्थी की बहस सुनी गई। वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर नक्शा दुरूस्ती किये जाने का निवेदन किया।

ग्राम केकड़ी के खसरा नंबर 210 ⁄ 0.18 शकुन्तला पत्नी गोपाललाल कौम माली हि0 1 ⁄ 5 साकिन देह खातेदार,नगर पालिका केकड़ी हि04 ⁄ 5 दर्ज रिकार्ड है एवं हाल खसरा नंबर 219 रकबा 0.46 नगर पालिका केकड़ी के नाम व खसरा नंबर 222 ⁄ 0.05 भूरी पत्नि गोरधन,गोपाल पि0 गोरधन,नंदू पत्नि छोटू ,सत्यनारायण पि0छोटू हि028 ⁄ 76 लोकेश पुत्र ओमप्रकाश तेली जितेन्द्रसिंह पुत्र जीवण सिंह बड़वा,भागचंद पुत्र गोपाल तेली हि0 40 ⁄ 76, घनश्याम पुत्र गोपाल नाई हि0 8 ⁄ 76 दर्ज रिकार्ड है एवं खसरा नंबर 227 भंवरलाल,गोपाल,पिता रामदेव कौम तेली सा0देह एवं खसरा नंबर 9444 ⁄ 216 भोजराज पुत्र टोपनदास सिंधी साकिन देह खातेदार दर्ज है। मुताबिक तहसीलदार केकड़ी की रिपोर्ट के अनुसार नक्शा सीट के हाल खसरा नंबर 217,218,219 ⁄ 8480 को दुरूस्त किया जाना उचित बताया है। प्रस्तावित नक्शा संलग्न किया है।

अतः तहसीलदार केकड़ी की रिपोर्ट जो उन्होने भू अभिलेख निरीक्षक व पटवारी हल्का से मौका रिपोर्ट प्राप्त कर तैयार की है ,के आधार पर प्रार्थीयां का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा जमाबंदी संवत् 2069–72 के खाता संख्या 1748 के खसरा नंबर 217,218,219 जिनका नक्शा साबिक नक्शे के मुकाबले छोटा व आकृति बदल दी गई है। एवं हाल खसरा नंबर (219 ⁄ 8480) ⁄ 0.03खेत की डोल (पाल) थी जिसे हाल नक्शे मे आकृति ही बदल दी गई है। साबिक नक्शे मे दक्षिणी भुजा 120 मीटर लंबी है जबकि हाल नक्शे मे 112 मीटर है जो पश्चिम स्थित खसरा नंबर 222 मे चार मीटर व पूर्व दिशा के खसरा नंबर 210 की और 4 मीटर बढ़ती है। तथा दक्षिणी भुजा खसरा नंबर 219 मे दक्षिण मे पड़ौसी कोने मे 7 मीटर बढ़ती है। तथा प्रार्थी की पश्चिमी भुजा साबिक नक्शा अनुसार हाल खसरा नंबर 222 व 227 मे 4–4 मीटर बढ़ती है। कस्बा केकड़ी के हाल खसरा नंबर 219 ⁄ 8480 हाल नक्शा अनुसार खसरा नंबर 211 के नीचे

जो दक्षिण की और स्थित है पूर्व दिशा मे बढ़ी हुई है , के अनुसार दुरूस्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। तहसीलदार केकड़ी द्वारा दुरूस्ती हेतु प्रस्तावित नक्शा संलग्न किया जा रहा है। तहसीलदार केकड़ी आदेश की पालना मे नक्शा दुरूस्ती की कार्यवाही करे। खर्चा फरिकेन अपना अपना वहन करे।

आदेश खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(सुरेन्द्र सिंह पुरोहित)
उपखण्ड अधिकारी केकड़ी

Signature Not Verified
Digitally signed by Surendra Singh Purohit
Date: 2020.02.28 17:29:10 IST
Reason: SelfAttested
Location: